जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : जीवि/परीक्षा–2/2018/17 दिनांक 05/01/2018

// संशोधित–अधिसूचना //

सर्वसंबंधितों के सूचनार्थ यह अधिसूचित किया जाता है कि **B.C.A. Ist Semester (For SOS / College - Regular/Ex & ATKT Students) Exam Dec. 2017** में सम्मिलित होने हेतु परीक्षा आवेदन–पत्र प्रस्तुत करने की संशोधित तिथियाँ निम्नानुसार घोषित की जाती हैं:–

परीक्षार्थियों से परीक्षा आवेदन–पत्र नियमित शुल्क के साथ परीक्षा आवेदन–पत्र महाविद्यालय/अध्ययनशाला में जमा करने की अंतिम तिथि	08.01.2018
परीक्षा आवेदन–पत्र विलम्ब शुल्क रूपये 500/– के साथ महाविद्यालय/अध्ययनशाला में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	10.01.2018
उपरोक्त परीक्षा आवेदन–पत्र महाविद्यालय/अध्ययनशाला द्वारा जांचोपरांत अग्रेषित कर परीक्षा आवेदन–पत्रों को विश्वविद्यालय कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि	12.01.2018

परीक्षार्थियों से निम्नानुसार शुल्क लिया जाना है :–

परीक्षा	नियमित	भूतपूर्व	बैक पेपर
B.C.A. Ist Semester	1540/–	1840/–	550/– प्रति पेपर

उपरोक्त शुल्क के अतिरिक्त परीक्षा आवेदन पत्र शुल्क नियमित परीक्षार्थी 60/- रू. भूतपूर्व/ए.टी.के.टी. परीक्षार्थी 80/- रू. एवं अग्रेषण शुल्क 50/- रू. तथा परीक्षा संचालन शुल्क 250/- रू. प्रति परीक्षार्थी लिया जाना है। जिसमें से अग्रेषण शुल्क एवं परीक्षा संचालन शुल्क की राशि 85/- रू. परीक्षा शुल्क के साथ जोड़कर परीक्षार्थी द्वारा ऑनलाईन जमा की जावेगी तथा शेष अग्रेषण शुल्क एवं परीक्षा संचालन शुल्क की राशि 215/- रू. प्रति छात्र संबंधित महाविद्यालय द्वारा परीक्षार्थी से महाविद्यालय में जमा करायी जावेगी।

परीक्षा के आवेदन-पत्र एवं चालान ऑनलाईन उपलब्ध करा दिये गये हैं जिन्हें आप एम0पी0ऑनलाईन के G2G लॉगिन आइडी से अध्ययनशाला/महाविद्यालय Approved के उपरांत डाउनलोड कर कर परीक्षा शुल्क चालान एम.पी. ऑनलाईन के किसी भी कियोस्क सेंटर में जमा कर सकते हैं।

नोटः- परीक्षा आवेदन ऑनलाईन होने के पश्चात् तत्काल प्रभाव से समस्त छात्रों के आंतरिक परीक्षा के अंक ऑनलाईन अवश्य करें। आंतरिक परीक्षा के अंक ऑनलाईन न होने की स्थिति में छात्र का प्रवेश-पत्र ऑनलाईन अपडेट नहीं किया जावेगा। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेवारी अध्ययनशाला के विभागाध्यक्ष की होगी।

विशेष नोट :-

विश्वविद्यालय द्वारा विलम्ब शुल्क के साथ निर्धारित अंतिम तिथि समाप्त होने के उपरान्त किसी भी स्थिति में परीक्षा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जावेंगे।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

1. श्रीमान् संपादक महोदय, दैनिक .... की ओर इस निवदेन के साथ कि वे अपने लोकप्रिय समाचार में उक्त अधिसूचना को समाचारवृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. प्राचार्य, संबंधित महाविद्यालय, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. विभागाध्यक्ष/समन्वयक, संबंधित अध्ययनशाला, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. उप/सहायक कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
6. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
7. कुलसचिव के गोपनीय/निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
8. इंचार्ज, पूछताछ कक्ष/सूचना पटल, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
9. इंटरनेट इंचार्ज, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

उप–कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)